**जश्न** — भाजपा ने सुभाष चौक में मनाया जीत का जश्न, एक-दूसरे को दी बधाई, बांटी मिठाई

# जनता ने अधर्म को हराकर धर्म ध्वज लहराया



**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम शहर के हृदय स्थल सुभाष चौक में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की प्रचंड जीत पर जोरदार जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों और गगनचुंबी आतिशबाजी के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित किया। भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ पूरे माहौल को भाजपामयी बना दिया। करीब एक घण्टे तक चले इस विजय उत्सव में भाजपा के कार्यकर्ता स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए। एक दूसरे को बधाइयों का सिलसिला देर तक जारी रहा। जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने इस अवसर पर कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग परिश्रम की जीत है उन्होनें कहा कि जनता ने अधर्म को हराकर धर्म ध्वज लहराया है और अब बंगाल में विकास और सुशासन का दौर शुरू हो चुका है। यह जीत जनता के अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति असीम प्रेम का परिणाम है बंगाल की जनता में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जो भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास देखने को मिला, वही इस ऐतिहासिक विजय का मुख्य कारण बना यह जीत आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी यह विजय राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन की जीत है, जिसे देशभर में दोहराया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, लक्ष्मण वीरवानी, नंदकुमार बरसानी, भंवर सिंह चौहान, सुरेश सोनी, संतोष जायसवाल, मृदुल मिश्रा,श्र सुखदेव चौधरी, सुनील उपाध्याय, रवि खरे, सीमा जैन सोगानी, अंकिता तिवारी, रम्मू साहू, अम्बरीष वर्मा, मनीष दुबे, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, वागीश आनंद, पप्पा मिश्रा, ऋचा गैलानी, संदीप दुबे, कैलाश जैन सोगानी, आशीष गुप्ता, ओमी अहिरवार, सत्यवृत् त्रिपाठी, गुड्डु तिवारी, श्रीमति रूक्मणी बर्मन, राजू शर्मा, मृदुल द्विवेदी, श्रीमति सपना सरावगी, रजत जैन, श्रीराम पटेल, सौरभ अग्रवाल, ललित जायसवाल, विजय दुबे, मिट्ठू लाल जैन, दीपक तिवारी, सुमित जायसवाल, पारस जैन, रौनक खंडेलवाल, मनदीप पायल, गजेन्द्र राय, संजय कनकने, अभिषेक शर्मा, प्रदीप साहू, शुभम मिश्रा, शांतनु दत्ता, अशोक मखीजा, हीरा पोपटानी, सचिन जायसवाल, नवीन मोटवानी, बल्ली सोनी, शिब्बू साहू, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, सीमा श्रीवास्तव, बीना बैनर्जी,नितिन बिलैया, शैलेन्द्र चनपुरिया, मनोज तिवारी, श्रीमति शिल्पा जैन, श्रीमति कुक्कू मेघानी, मनीष त्रिसोलिया, अनुराग त्रिसोलिया, डब्बू रजक, अविनाश गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## अरब से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा की सरकारें

**भाजपा की जीत पर की गई आतिशबाजी**

**नवभारत, कटनी।** बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने निवास पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, युवा नेता यश पाठक और अन्य जनप्रतिनिधियों-कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में जीत पर जश्न मनाया। उन्होंने ढोल नगाड़े की थाप के बीच कार्यकर्ताओं और आमजन को मिठाई लड्डू खिलाते व बांटकर खुशी जताई और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर विधायक संजय पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक, अभूतपूर्व, प्रचंड जनादेश के लिए देवतुल्य जनता-जनार्दन, समर्पित कार्यकर्ताओं और तीनों प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होने कहा कि यह विजय सिर्फ एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। जनता ने तुष्टिकरण और नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकसित भारत के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, सशक्त संगठनात्मक क्षमता, अथक परिश्रम का प्रतिफल है। अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं आज देश के 78 प्रतिशत भाग में भाजपा की सरकारें हैं।

### एक नजर में

## आउटसोर्स कर्मचारियों ने मांगों लेकर किया प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ इकाई ने अपनी लंबित मांगों और विभागीय अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी एजेंसियों की मनमानी और प्रशासनिक अनदेखी को समाप्त करने की मांग की गई है। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि ये कर्मचारी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ, ऑक्सीजन टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, सुरक्षाकर्मी और सफाई मित्र जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हजारों युवा शामिल हैं। संघ का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद इन कर्मचारियों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। संघ ने अधिकारियों और निजी एजेंसियों के बीच कमीशनखोरी का गंभीर आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कई महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के अनुसार, शासन द्वारा स्वीकृत 20 हजार से 25 हजार रुपए के मानदेय के मुकाबले उन्हें सिर्फ 5 हजार से 12 हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। शेष राशि की प्रशासनिक और ठेकेदारी स्तर पर बंदरबांट होने का आरोप है, जिसे अनुचित कटौती और शोषण बताया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था में न तो सेवा नियमों का पालन हो रहा है और न ही न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया गया है। प्रदर्शन के दौरान लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने सहित अन्य मांगे शामिल रहीं।

## आपसी राजीनामा कराकर किया जाएगा निराकरण

**9 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा परिसर में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में और न्यायाधीश पूर्वी तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने उपस्थित पक्षकारों को




लोक अदालत की प्रक्रिया, महत्व और लाभ के संबंध में सरल, सहज तरीके से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से सिविल, आपराधिक और मोटर दुर्घटना संबंधी मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण संभव है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। कार्यक्रम में लंबित प्रकरणों में आपसी राजीनामा कर विवाद समाप्त करने का आह्वान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे और उन्हें विधिक अधिकारों व प्रक्रियाओं के संबंध जानकारी दी गई।

## हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ, बूथ मजबूत होने से मजबूत होगा संगठन

**भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई मासिक बैठक**

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में को आयोजित मासिक जिला बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन और जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कार्यकर्ता, पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण, नमन के बाद बैठक प्रारम्भ की गई। इस दौरान जिला



पदाधिकारियों, मंडल प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ व्यापक संवाद कर आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी मजबूती के दम पर पार्टी हर चुनौती का सामना करती है। उन्होंने कहा कि मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है। हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। बूथ मजबूत होगा तो संगठन अपने आप मजबूत होगा। हमें नियमित बैठकों, जनसंपर्क अभियान और सेवा गतिविधियों के माध्यम से जनता के बीच अपनी उपस्थिति और विश्वास दोनों को मजबूत करना होगा। जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने बैठक में कहा कि यह बैठक सिर्फ समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि संगठन की ऊर्जा को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने मंडल स्तर पर संपर्क बनाए रखने कहा है।

संगठन की मजबूती संवाद, समन्वय और सतत सक्रियता से ही संभव है। हमें हर बूथ तक पहुंच बनाकर आमजन की अपेक्षाओं को समझना और उनके समाधान के लिए तत्पर रहना होगा।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा समयबद्ध तरीके से तैयार कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को विदाई

**28 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता**

**नवभारत, उमरियापान।** महिला बाल विकास परियोजना ढीमरखेड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती इंदिरा गर्ग 28 वर्षों की दीर्घ सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हो गईं। वे जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत टोला के ग्राम इंटवां में पदस्थ थीं, जो भरभरा आश्रम से लगा हुआ गांव है। श्रीमती गर्ग ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता, आंगनबाड़ी गतिविधियों के सफल संचालन में



महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ग्राम इंटवां में अनेक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच सका। सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिवारजनों और ग्रामवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर उनके पति राजेश गर्ग, पुत्र मोहित गर्ग और बहू रोशनी गर्ग सहित परिजन, क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती आरती यादव, धरवारा सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती अंजना पटेल, रमाकांत मिश्रा, किरण मिश्रा, सत्यवती उपाध्याय, गुलाब उपाध्याय, रागनी दुबे, शशि पांडे, साधना, कृष्णा, सरला, सजनी सहित सभी कार्यकर्ता और कर्मचारियों ने भी उनके दीर्घकालीन सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## पूरी कार्यक्षमता और जवाबदेही से निभाएं दायित्व



**आयुक्त ने की समय-सीमा की बैठक में कार्यों की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** निगमायुक्त तपस्या परिहार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि शासन की मंशानुरूप जनसेवा, सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी कार्यक्षमता, जवाबदेही और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय कार्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। ये बातें सोमवार को नगर निगम में आयोजित की गई समय-सीमा बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने दिए हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, टीएल प्रकरणों, पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों, विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए गए। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में 23 स्थलों पर सोकपिट निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त 17 से अधिक कुओं की सफाई, 620 से अधिक स्थलों पर लीकेज मरम्मत, 18 सार्वजनिक प्याऊ का संचालन, जल संरक्षण, नदी-तालाबों, घाटों की साफ-सफाई का कार्य लगातार रूप से किया जा रहा है। निगमायुक्त ने नगर के विभिन्न स्थलों पर स्थित बावड़ियों और कुओं की साफ-सफाई, मच्छररोधी जाली लगाने, सौंदर्यीकरण कार्य कराने, नागरिकों को वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित कर अभियान के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर में शुद्ध, निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगमायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत 1.0 और 2.0, आईएचएसडीपी योजना के विभिन्न घटकों की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित एवं आवंटित भवनों, विद्युत फिटिंग कार्य, आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा कर कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अमृत योजना के तहत एसटीपी-1 के शेष कार्य, पाइपलाइन विस्तार और हाउस कनेक्शन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। आईएचएसडीपी योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को जल्द भवन आवंटन सुनिश्चित करने के लिए लंबित पात्रता संबंधी कार्रवाई समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने बैंकों को प्रेषित प्रकरणों के तत्काल निराकरण और अधिक से अधिक पात्र स्ट्रीट वेंडरों को योजना से लाभान्वित करने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त संबल योजना, ई-केवाईसी, जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुरैनी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे ट्रांसपोर्ट नगर योजना की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने शेष प्लॉटों की नीलामी प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिन्हें ट्रांसपोर्ट नगर में प्लॉट आवंटित किए गए हैं, लजेकिन वे अभी भी शहर के अंदर से व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। बैठक में शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में फायर सेफ्टी मानकों के पालन की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं अधूरी हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## लोकतंत्र में जनता के विश्वास का प्रतीक है यह जीत

**महापौर ने भाजपा की जीत पर नेतृत्व और कार्यकर्ताओं दी बधाई**

**नवभारत, कटनी।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली उल्लेखनीय सफलता पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी है। महापौर ने कहा कि यह परिणाम देश के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और निरंतर विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबका साथ,



सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ कार्य करते हुए हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जिससे आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की पारदर्शी कार्यप्रणाली, निर्णायक नेतृत्व और गरीब, किसान, महिला, युवाओं के हित में संचालित योजनाओं ने जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। यही विश्वास इन राज्यों के चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। महापौर ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी उत्साह के साथ जनसेवा में लगे रहें और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र में जनता के विश्वास का प्रतीक है, जो देश को प्रगति और आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश शुरू

**नवभारत, कटनी।** तकनीकी शिक्षा की ओर कदम बढ़ाने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य नरेन्द्र बड़खेडकर ने बताया कि प्रथम चरण के तहत ऑनलाइन पंजीयन 4 मई से शुरू हो गया है, जो 29 मई की रात पौने 12 बजे तक जारी रहेगा। पंजीयन के बाद त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा।

**बैठक** — कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई पुरातत्व और पर्यटन विभाग की बैठक, लिए गए निर्णय

# पांच प्राचीन बावड़ियों के साथ ही विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले का होगा पुनरूद्धार

**नवभारत, कटनी।** पुरातात्विक संपदा से समृद्ध जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले की 5 प्राचीन बावड़ियों का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णोद्धार कराने और मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले का पुनरूद्धार और मरम्मत कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, और सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे। बैठक में भारत के केंद्र बिन्दु करौंदी का समग्र विकास कर पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता



से स्थान दिलाने के उद्देश्य से ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया प्रचलित होने की जानकारी एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल ने दी। ट्रस्ट गठन के बाद करौंदी को इसके महत्व के अनुरूप ग्राम पंचायत के सहयोग से पर्यटन मानचित्र में लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने एएसआई द्वारा चयनित पुरातात्विक साइटों पर किए गए अतिक्रमण को सीमांकन कर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएसआई के अधिकारियों को ऐसे स्थलों की सूची तत्काल मुहैया कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर के संज्ञान में जिले में पांच पुरातात्विक महत्व की बावड़ियों के होने की जानकारी मिलते ही उन्होने सभी के जीर्णोद्धार और मरम्मत कर इनके पुरावैभव को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। इनमें दो कटनी शहर की बावड़ियां भी शामिल है। जिनमें वार्डस्ले स्कूल परिसर और बरगवां रोड स्थित निजी चिकित्सालय के पास स्थित बावड़ियां शामिल है। इसी प्रकार ग्रामीण अंचलों की तीन बावड़ियों विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत विलायतकला, बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचैया और विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत टिकरिया की प्राचीन बावड़ियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मरम्मत और जीर्णोद्धार कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिले से संबंधित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां यदि किसी व्यक्ति या निजी संस्था के पास हो तो वे ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इनका डिजिटल दस्तावेजीकरण करवा सकते हैं। ताकि ये पांडुलिपियां भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित हो सकें। बैठक में पर्यावरणविद, सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने में होम स्टे की महत्ता से अवगत कराया, जो कि होटल की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता पड़ता है। पर्यटक यहां कम खर्च में गांवो की नैसर्गिक सुंदरता, पारंपरिक जीवन शैली और सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कर सके। जिले में वर्तमान में 10 होम स्टे बने है और 9 निर्माणाधीन है। इन होम स्टे में फ्रांस के विदेशी पर्यटक भी रूककर ग्राम्य जीवन, पारंपरिक खान-पान, लोक कला और समृद्ध सांस्कृतिक ऐतिहासिक धरोहरों को देख चुके हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024